दैनिक भास्कर

रिक्शा चालकों का कराया जाए रजिस्ट्रेशन

नगर संवाददाता | जयपुर

शहर में चल रहे करीब पंद्रह हजार रिक्शा चालकों के रजिस्ट्रेशन कराए जाएं। साथ ही रिक्शा स्टैंड और लाइसेंस की व्यवस्था भी की जाए।

यह मांग सेंटर फॉर सिविल सोसायटी दिल्ली की ओर से चलाए जा रहे जीविका अभियान में जयपुर के रिक्शा चालकों पर किए गए शोध को मंगलवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में हुए संवाददाता सम्मेलन में जारी करते हुए की गई। अध्ययन में बताया गया कि सरकार की संवेदनहीनता के कारण अब रिक्शा चालकों को रोजी-रोटी कमाना भारी पड़ने लगा है। इस मौके पर जयपुर मेट्रो के एडिशनल डायरेक्टर आर.सी शर्मा ने बताया कि सरकार को रिक्शे पर प्रतिबंध लगाने के बजाय उनको लाइसेंस जारी कर सही तरीके से रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए। आने वाले समय में मेट्रो स्टेशन पर रिक्शा स्टैंड बनाए जाने चाहिए ताकि चालकों को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो सके। अभियान के संयोजक अमित चंद्रा ने बताया कि इस अभियान को शुरू करने से पहले इस पर डिटेल रिसर्च की गई है। इस अभियान के तहत सरकार से स्टेट लेवल पर रिक्शा वालों के लिए कानून बनाने की बात की जा रही है।

सूच
जय अम्बे को-ऑपरे
लि. (रजि. न. 205
प्रकाशित सार्वजनिक